अनुक्रमांक

नाम .......

156 **349**

**2025**

# लेखाशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*Note :* First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :** i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) प्रश्न संख्या **1 से 10** तक **बहुविकल्पीय** हैं । प्रश्न संख्या **11 से 20** तक **अति लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग **30** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **21 से 26** तक **लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **27 से 30** तक **विस्तृत उत्तरीय** हैं, जिन्हें हल करना है ।

iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

*Instructions :*

*i)* *All* questions are compulsory.

ii) Question Nos. *1* to *10* are *Multiple Choice Type.* Question Nos. *11* to *20* are *Very Short Answer Type,* which are to be answered within 30 words each. Question Nos. *21* to *26* are *Short Answer Type,* which are to be answered within 100 words each and Question Nos. *27* to *30* are *Long Answer Type,* which are to be solved.

iii) Marks to each question are indicated against it.

## ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

## ( Multiple Choice Type Questions )

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. फर्म के लिए साझेदार के आहरण पर ब्याज है

i) व्यय ii) हानि iii) आय iv) इनमें से कोई नहीं 1

2. सामान्य लाभ पर औसत लाभ का आधिक्य कहलाता है

i) अधिलाभ ii) निश्चित लाभ iii) सामान्य लाभ iv) असामान्य लाभ 1

3. पिछले तीन वर्षों के लाभ क्रमशः रु० 6,000, रु० 13,000 तथा रु० 8,000 थे। औसत शुद्ध लाभ के दो वर्षों के क्रय पर ख्याति होगी 1

i) रु० 27,000 ii) रु० 81,000 iii) रु० 9,000 iv) रु० 18,000

4. अवकाश ग्रहण करने के समय पुनर्मूल्यांकन के लाभ-हानि को वहन किया जाता है 1

i) बचे हुए साझेदारों द्वारा ii) सभी साझेदारों द्वारा iii) नये साझेदारों द्वारा iv) इनमें से कोई नहीं

5. किसी फर्म के विघटन पर, पूँजी खाते का अंतिम शेष स्थानांतरित कर दिया जाता है

i) वसूली खाता में ii) लाभ और हानि खाता में

iii) नकद खाता में iv) साझेदारों के ऋण खाता में 1

6. एक कंपनी में होता है

i) पृथक वैधानिक अस्तित्व ii) स्थायी अस्तित्व

iii) सीमित दायित्व iv) इनमें से सभी 1

7. जीरो कूपन बांड जारी किए जाते हैं

i) शून्य ब्याज दर पर ii) ब्याज की निर्दिष्ट दर के साथ

iii) ब्याज की निर्दिष्ट दर के बिना iv) इनमें से कोई नहीं 1

8. निम्न में से कौन कम्पनी के वित्तीय विवरण का भाग नहीं है ?

i) लाभ-हानि विवरण ii) आर्थिक चिट्ठा iii) लेजर खाता iv) इनमें से कोई नहीं 1

9. निम्न में से कौन लाभदायकता अनुपात नहीं है ?

i) सकल लाभ अनुपात ii) शुद्ध लाभ अनुपात iii) संचालन अनुपात iv) चालू अनुपात 1

10. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार किया जाता है

i) आर्थिक चिट्ठे से ii) लाभ-हानि खाते से iii) अतिरिक्त सूचनाओं से iv) इनमें से सभी 1

Select the correct answer and write it in your answer-book :

1. For the firm, interest on partner's drawing is a/an

i) Expense ii) Loss iii) Income iv) None of these 1

2. The excess of average profit over the normal profit is called

i) Superprofit ii) Fixed profit

iii) Normal profit iv) Abnormal profit 1

3. Profits of the last three years were Rs. 6,000, Rs. 13,000 and Rs. 8,000 respectively. Goodwill at two years' purchase of the average net profit will be

i) Rs. 27,000 ii) Rs. 81,000 iii) Rs. 9,000 iv) Rs. 18,000 1

4. Revaluation gains and losses are carried at the time of retirement

i) By the remaining partners ii) By all the partners

iii) By the new partners iv) None of them 1

5. On dissolution of a firm, the final balance of Capital Account is transferred to

i) Realisation A/c ii) Profit and Loss A/c

iii) Cash A/c iv) Loan A/c of partners 1

6. A company has

i) Separate legal entity ii) Perpetual entity

iii) Limited liability iv) All of these 1

7. Zero coupon bonds are issued

i) At zero rate of interest ii) With specified rate of interest

iii) Without specified rate of interest iv) None of these 1

8. Which of the following is not a part of financial statement of a company ?

i) Profit and loss statement ii) Balance sheet

iii) Ledger Account iv) None of these 1

9. Which of the following is not a profitability ratio ?

i) Gross profit ratio ii) Net profit ratio

iii) Operating ratio iv) Current ratio 1

10. Cash flow statement is prepared from

i) Balance sheet ii) Profit and Loss account

iii) Additional information iv) All of these 1

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

## ( Very Short Answer Type Questions )

11. साझेदारी संलेख को समझाइए । 2

11. Explain Partnership deed. 2

12. साझेदारी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

12. Write any *two* characteristics of partnership. 2

13. आहरण पर ब्याज की गणना करने की किसी एक विधि को समझाइए । 2

13. Explain any *one* method of calculation of interest on drawings. 2

14. साझेदारी फर्म के पुनर्गठन से क्या तात्पर्य है ? 2

14. What is meant by reconstitution of partnership firm ? 2

15. साझेदारी फर्म के विघटन से क्या आशय है ?

15. What is meant by *dissolution* of partnership firm ?

16. समता अंश की दो विशेषताएँ लिखिए ।

16. Write *two* characteristics of equity share.

17. परिवर्तनीयता के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार बताइए ।

17. State the types of debentures from the point of view of convertibility.

18. वित्तीय विवरण के दो उद्देश्य लिखिए ।

18. Write *two* objectives of financial statement.

19. अनुपात विश्लेषण से क्या आशय है ?

19. What is meant by Ratio Analysis ?

20. वित्तीय क्रियाकलापों द्वारा रोकड़ अन्तर्वाह के दो उदाहरण लिखिए ।

20. *Write two* examples of cash inflows by financing activities.

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

## ( Short Answer Type Questions )

21. अधिलाभ के आधार पर ख्याति की गणना करने की विधि को समझाइए ।

21. Explain the method of calculation of Goodwill on the basis of superprofit.

22. नये साझेदार के प्रवेश के समय फर्म की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है ?

22. Why are the assets and liabilities of firm revalued on the admission of new partner

23. पूर्वाधिकार अंशों के प्रकारों की विवेचना कीजिए ।

23. Discuss the types of Preference shares.

24. निजी कम्पनी एवं सार्वजनिक कम्पनी में अन्तर बतायें ।

24. Differentiate between Private company and Public company.

25. सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार समझाइए ।

25. Explain the types of debentures from the security point of view.

26. चिट्ठे के लम्बवत् प्रारूप का नमूना दीजिए ।

26. Give a specimen of vertical form of Balance Sheet.

( विस्तृत उत्तरीय प्रश्न )

( Long Answer Type Questions )

27. ए, बी, सी और डी लाभ–हानि क्रमशः 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं । 31 मार्च, 2024 को साझेदारी का विघटन हो गया । इस तारीख़ को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था :

**आर्थिक चिट्ठा 31 मार्च, 2024 को**

| दायित्व | | राशि ( रु० ) | सम्पत्तियाँ | | राशि ( रु० ) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,20,000 | बैंक में रोकड़ | | 8,000 |
| देय विपत्र | | 20,000 | प्राप्य विपत्र | | 40,000 |
| पूँजी : | | | देनदार | | 1,40,000 |
| ए | 80,000 | | रहतिया | | 92,000 |
| सी | 1,20,000 | 2,00,000 | पूँजी : | | |
| | | | बी | 40,000 | |
| | | | डी | 20,000 | 60,000 |
| | | **3,40,000** | | | **3,40,000** |

प्राप्य विपत्रों एवं देनदारों से पुस्तक मूल्य का 90% वसूल हुआ । रहतिया रु० 78,000 में बेचा जा सका । रु० 2,000 का अदत्त वेतन भी, जो उक्त चिट्ठे में प्रदर्शित नहीं था, चुकाया गया । वसूली के खर्चे रु० 6,000 हुए । बी दिवालिया है और उससे केवल रु० 32,000 ही वसूल हो सके । गार्नर बनाम मर्रे का नियम लागू होगा । वसूली खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए । 5 + 5

**अथवा**

किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने अथवा उसकी मृत्यु पर क्या–क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ? इनका निपटारा कैसे किया जाता है ? 4 + 6

27. *A*, *B*, *C* and *D* share profit and loss in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. The partnership was dissolved on 31st March, 2024. The firm's balance sheet on this date was as follows :

***Balance Sheet as on 31st March, 2024***

| *Liabilities* | | *Amount ( Rs. )* | *Assets* | | *Amount ( Rs. )* |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,20,000 | Cash at Bank | | 8,000 |
| Bills Payable | | 20,000 | Bills Receivable | | 40,000 |
| *Capitals* : | | | Debtors | | 1,40,000 |
| A | 80,000 | | Stock | | 92,000 |
| C | 1,20,000 | 2,00,000 | *Capitals* : | | |
| | | | *B* | 40,000 | |
| | | | *D* | 20,000 | 60,000 |
| | | **3,40,000** | | | **3,40,000** |

90% of Book value was realised from Bills Receivable and Debtors. Stock could be sold for Rs. 78,000. Outstanding salary of Rs. 2,000, which was not shown in the said Balance Sheet, was also paid. The Realisation expenses amounted to Rs. 6,000. *B* is insolvent and only Rs. 32,000 could be recovered from him. The rule of Garner *vs* Murray shall apply. Prepare Realisation Account and Partners' Capital Account. 5 + 5

*OR*

What problems do arise on retirement or death of a partner ? How are they settled ? 4 + 6

28. आर कम्पनी लिमिटेड ने प्रत्येक रु० 100 वाले 5,000 अंशों का निर्गमन किया और इस सम्बन्ध में रु० 20 आवेदन पर, रु० 30 आवंटन पर, रु० 25 प्रथम याचना पर और रु० 25 द्वितीय एवं अंतिम याचना पर देय है। सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सोहन, जिन्हें 50 अंश आवंटित किये गये थे, ने प्रथम और द्वितीय तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं किया। शेष सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं। कम्पनी के संचालकों ने सोहन के अंशों का हरण कर लिया और इन्हें पूर्ण चुकता अंशों के रूप में रु० 3,000 में पुनर्निर्गमित कर दिया।
कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 10

अथवा

कम्पनी की अंश पूँजी से आप क्या समझते हैं ? कम्पनी के अंश पूँजी का बँटवारा जिन प्रमुख श्रेणियों में किया जाता है, उनका वर्णन कीजिए। 3 + 7

28. *R* Co. Ltd. issued 5,000 shares of Rs. 100 each, payable Rs. 20 on application, Rs. 30 on allotment, Rs.25 on first call and Rs. 25 on second & final call. Applications were received for all the shares. Sohan, who was allotted 50 shares, did not pay first and second & final call. All other amounts were received. Directors of the company forfeited shares held by Sohan and reissued them as fully paid shares for Rs. 3,000.

Pass necessary journal entries in the books of the company. 10

*OR*

What do you mean by share capital of a company ? Explain the main categories in which the share capital of a company is divided. 3 + 7

29. निम्नलिखित आर्थिक चिट्ठे से चालू अनुपात एवं त्वरित अनुपात की गणना कीजिए : 10

**अबस कम्पनी लिमिटेड का आर्थिक चिट्ठा**

**(1 जनवरी, 2024 को)**

| दायित्व | राशि (रु० लाख में) | सम्पत्तियाँ | राशि (रु० लाख में) |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 10 | भूमि | 5 |
| संचय | 5 | भवन | 5 |
| पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 5 | प्लाण्ट एवं मशीनरी | 8 |
| ऋणपत्र | 5 | फिक्सचर्स एवं फिटिंग्स | 2 |
| दीर्घकालीन ऋण | 5 | नकद | 1 |
| बैंक ऋण | 5 | बैंक | 2 |
| लेनदार | 3 | देनदार | 5 |
| देय विपत्र | 2 | प्राप्य विपत्र | 2 |
| | | रहतिया | 10 |
| | **40** | | **40** |

**अथवा**

ऋणपत्र को परिभाषित कीजिए । ऋणपत्रों का सहायक प्रतिभूति (समपार्श्विक) के रूप में निर्गमन से क्या आशय है । उदाहरण की सहायता से समझाइये । https://www.upboardonline.com 3 + 4 + 3

29. Calculate Current Ratio and Quick Ratio from the following balance sheet : 10

***Balance Sheet of ABC Company Ltd.***

***(As on 1st January, 2024)***

| *Liabilities* | *Amount (Rs. in Lakhs)* | *Assets* | *Amount (Rs. in Lakhs)* |
|---|---|---|---|
| Equity share capital | 10 | Land | 5 |
| Reserve | 5 | Building | 5 |
| Preference share capital | 5 | Plant and Machinery | 8 |
| Debentures | 5 | Fixtures and Fittings | 2 |
| Long term loans | 5 | Cash | 1 |
| Bank loans | 5 | Bank | 2 |
| Creditors | 3 | Debtors | 5 |
| Bills Payable | 2 | Bills Receivable | 2 |
| | | Stock | 10 |
| | **40** | | **40** |

*OR*

Define Debenture. What is meant by issue of debentures as collateral security ? Explain with the help of example. 3 + 4 + 3

[ Turn over

30. निम्नलिखित सूचनाओं से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

| मदें | रु० |
|---|---|
| चालू वर्ष का शुद्ध लाभ | 1,00,000 |
| सामान्य संचय में हस्तान्तरण | 10,000 |
| देनदारों में कमी | 25,000 |
| देय विपत्रों में कमी | 20,000 |
| अपलिखित अंशों पर बट्टा | 5,000 |
| रहतिया में वृद्धि | 18,000 |
| मशीन बेचने से हानि | 12,000 |
| विनियोग बेचने से लाभ | 4,000 |

10

अथवा

'वित्तीय विवरणों' से क्या आशय है ? व्यावसायिक संस्था में हित रखने वाले विभिन्न पक्षों के लिए वित्तीय विवरणों की उपयोगिता एवं महत्व की विवेचना कीजिए । 4 + 6

30. From the following information prepare Cash Flow Statement from the operating activities :

| *Items* | *Rs.* |
|---|---|
| Net profit of current year | 1,00,000 |
| Transfer to general reserve | 10,000 |
| Decrease in debtors | 25,000 |
| Decrease in bills payable | 20,000 |
| Discount on shares written off | 5,000 |
| Increase in stock | 18,000 |
| Loss on sale of machine | 12,000 |
| Profit on sale of investment | 4,000 |

10

*OR*

What is meant by 'Financial Statements' ? Discuss the utility and significance of financial statements to various parties interested in the business concern. 4 + 6